तापमान

अधिकतम 33 .2 डिग्री से.
न्यूनतम 14 .8 डिग्री से.

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

9 डांडिया नाइट की धूम, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन



10 धनाना की लड़कियों की टीम ने कब्जाई ट्रॉफी



खबर संक्षेप

विदेश भेजने के नाम पर 51 लाख रुपये की ठगी


गोहाना। विदेश भेजने के नाम पर 51 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने करनाल जिले के नीलोखेड़ी निवासी बलवंत को गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मुंडलाना निवासी देवेंद्र ने 27 नवंबर 2025 को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने अपने भतीजे राहुल को पढ़ाई के आधार पर अमेरिका भेजने की योजना बनाई थी। उसके रिश्तेदार रोशन ने एजेंटों को घर बुलाया था। इसके बाद वेदप्रकाश, बलवंत और अन्य लोगों ने राहुल को अमेरिका भेजने के नाम पर 51 लाख रुपये का खर्च बताया। आरोप है कि आरोपितों ने राहुल को अमेरिका भेजने के बजाय किसी दूसरी जगह भेज दिया, जहां उसे बंधक बना लिया गया। बाद में राहुल वापस लौट आया। देवेंद्र ने आरोप लगाया कि रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने रकम लौटाने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए बलवंत को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी से धान काटने के आरोप में दो पर केस

गोहाना। गांव लाठ में रात के समय कंबाइन से करीब चार एकड़ खेत में खड़ी धान की फसल काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने जांच के बाद गांव के शक्ति और मोनू के खिलाफ फसल चोरी का मामला दर्ज किया है। किसान प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने करीब चार एकड़ जमीन पर धान की फसल लगा रखी थी। इसमें दो एकड़ जमीन विक्रम सिंह की, डेढ़ एकड़ जमीन उसके परिवार की और तीन बीघा जमीन सतबीर से पट्टे पर ली हुई थी। प्रवीण के अनुसार, पांच अक्टूबर की रात शक्ति और मोनू ने कंबाइन से खेत में खड़ी धान की फसल कटवा ली। इसके बाद फसल को दो ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर ले गए।

257 पेटी अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सोनीपत। पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-27 की टीम ने केएमपी मार्ग पर बारोटा टोल के पास नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरी बोलेरो पिकअप पकड़ी है। पुलिस ने वाहन में सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 257 पेटी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पानीपत जिले के गांव जुरासी सर्प खास (जीतगढ़) निवासी सुनील और टींका के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर को उप निरीक्षक सुखबीर टीम के साथ गश्त कर रहे थे, इसी दौरान बहालगढ़ की तरफ से आ रही बोलेरो में अवैध शराब की सूचना पर रुकवाकर जांच की तो उसमें अवैध शराब की खेप बरामद हुई।



फिर जला अहंकार

सोनीपत। जिलेभर में अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास से मनाया गया। शाम 6 बजे पूजन के पश्चात श्रीराम ने अपने बाण से अहंकारी रावण का अंत किया। रामलीला सभाओं व धार्मिक समितियों ने तीन प्रमुख स्थानों पर रावण के अलावा मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों का दहन किया। दहन से पहले विभिन्न जगह चल रही रामलीला में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन दिखाया गया। अहंकारी दशानन पर भगवान श्रीराम की विजय के साथ लोगों में खुशी की लहर छा गई। शहर के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा की ओर से 52 फीट के रावण, 45-45 फीट ऊंचे कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। ...विस्तृत पेज 10 पर

बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्राएं

सोनीपत। दशहरा पर्व पर मंगलवार को रावण दहन से पहले जिलेभर में विभिन्न रामलीला सभाओं और धार्मिक संस्थाओं की ओर से बैंड-बाजों के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्राओं में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, महाराज सुग्रीव, रावण, विभीषण और वानर सेना की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हनुमान स्वरूपों के साथ श्रद्धालु रावण दहन में शामिल होने के लिए भक्तिमय गीतों पर झूमते हुए दहशरा स्थलों की ओर बढ़े। शहर में निकाली गई शोभायात्राओं से जगह-जगह भक्तिमय माहौल से पांडव नगरी राममय हो उठी।



लाइसेंस रद्द, फिर भी पटाखों की बिक्री कर रहे दुकानदार

उप दमकल अधिकारी ने दो दुकानों का किया निरीक्षण नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

शहर में पटाखों की बिक्री को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पंचकूला अग्निशमन विभाग की गाइडलाइन के अनुसार, सोनीपत अग्निशमन विभाग के उप दमकल अधिकारी विनोद कुमार ने टीम के साथ रोहतक रोड और सब्जी मंडी स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों की ओर से प्रस्तुत लाइसेंस की जांच की गई। अधिकारियों के अनुसार, दुकानदारों ने जो लाइसेंस प्रस्तुत किए, वे उपायुक्त कार्यालय के आदेशानुसार वर्ष 2025 में ही निरस्त किए जा चुके हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि लाइसेंस निरस्त होने के बावजूद दुकानों पर पटाखों की बिक्री किस आधार पर हो रही है । एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि नियमों के विरुद्ध कोई गतिविधि मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, उप दमकल अधिकारी विनोद कुमार ने दुकानदारों को वैध लाइसेंस के बिना पटाखे नहीं बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त की ओर से सभी 10 लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं।



खरखौदा पटाखों की बिक्री की जांच करते उप दमकल अधिकारी विनोद कुमार

एचसीएस में चयनित ईशा पांचाल का किया स्वागत



सोनीपत। प्रगति नगर की ईशा पांचाल ने एचसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आजाद यूथ मोर्चा चैरिटेबल सोसाइटी के प्रधान प्रवीण दहिया, सचिव दीपक पांचाल और योगेश कुमार ने ईशा पांचाल को एचसीएस अधिकारी बनने पर शुभकामनाएं दीं। ईशा पांचाल की इस सफलता से इंडियन मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोहाना रोड, सोनीपत में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने वर्ष 2018 में इसी विद्यालय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी।

यात्रियों की सुविधा के लिए दशहरा स्पेशल ट्रेन आज भी चलेगी

रेलवे की पहल से दिल्ली, सोनीपत और पानीपत के बीच सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी

हजरत निजामुद्दीन से पानीपत के बीच दो दिन होगा परिचालन सोनीपत स्टेशन पर 1 घंटे 11 मिनट देरी से पहुंची रेलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

त्योहारी सीजन में ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने हजरत निजामुद्दीन से सोनीपत के रास्ते पानीपत तक दशहरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। ट्रेन संख्या 04417-04418 का दो दिवसीय परिचालन किया जा रहा है। बुधवार को भी निर्धारित मार्ग पर ट्रेन चलेगी। इससे दिल्ली, सोनीपत और पानीपत के बीच सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी। नवरात्र और दशहरा सहित अन्य त्योहारों के दौरान दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती है। नियमित ट्रेनों में भीड़ के कारण यात्रियों को सफर करने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे दैनिक यात्रियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सोनीपत सहित अन्य जिलों से हजारों की संख्या में दैनिक यात्री ट्रेनों में सफर करते है। रेलवे के ट्रेन चलाने से व्यापारियों को भी काफी फायदा मिल रहा है। वह आसानी से छोटा-मोटा सामान सोनीपत व अन्य जिलों में ला सकेंगे।

■ त्योहारों के दौरान दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती



सोनीपत। स्टेशन पर पहुंची दशहरा स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने दो दिन के लिए किया परिचालन

ट्रेनों में लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेल मंडल ने त्योहारी सीजन के चलते दो दिन हजरत निजामुद्दीन से पानीपत स्टेशन तक दशहरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत है।
-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से सुबह 11:26 बजे ट्रेन चली, दोपहर 1:27 बजे सोनीपत पहुंची

रेलवे के निर्धारित समय के अनुसार, मंगलवार को पहले दिन दशहरा स्पेशल ट्रेन ने हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से सुबह 11:26 बजे प्रस्थान किया। ट्रेन अपने निर्धारित समय से 26 मिनट देरी से रवाना हुई। सोनीपत स्टेशन पर इसके पहुंचने का समय दोपहर 12:16 बजे निर्धारित था, लेकिन ट्रेन दोपहर 1:27 बजे पहुंची। यहां से रवाना होने के बाद ट्रेन भोड़वाल माजरी, समालखा और दीवाना होते हुए दोपहर 2:31 बजे पानीपत पहुंची, जबकि इसका निर्धारित आगमन समय दोपहर 1:10 बजे था। वापसी में ट्रेन पानीपत से दोपहर तीन बजे रवाना हुई।

सोनीपत की सास-बहू की झज्जर में सड़क हादसे में मौत

■ मृतक महिलाओं की पहचान ठसका गांव निवासी कोमल पत्नी हैप्पी और मुनेश पत्नी संजीव के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत\झज्जर

क्षेत्र के गांव गोच्छी के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि कार सवार एक युवक और उसके दो मासूम बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। यह हादसा उस समय हुआ

कार पेड़ से टकराई

जब अचानक एक कुत्ता गाड़ी के सामने आ गया और गाड़ी चालक संतुलन खो बैठा। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। मृतक महिलाओं की पहचान सोनीपत जिले के ठसका गांव निवासी कोमल पत्नी हैप्पी और मुनेश पत्नी संजीव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हैप्पी अपनी पत्नी कोमल, मां मुनेश और दो बच्चों के साथ कार में सवार होकर धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए बेरी जा रहा था। जब उनकी कार गोच्छी गांव के पास पहुंची तो अचानक सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक हैप्पी कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में जहां कार सवार मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल कोमल को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करतीं महिला पुलिसकर्मी।

घायलों को उपचार के बाद छुट्टी मिली

कार सवार हैप्पी और दोनों बच्चों को हल्की चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मामले की जांच अधिकारी अनिता ने बताया कि स्थानीय नागरिक अस्पताल में मृतका के मुनेश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

■ कबीरपुर स्थित सर्कल कार्यालय परिसर व ओल्ड डीसी रोड पर प्रदर्शन के बाद बैठक कर बनाई रणनीति

बिजली वितरण व्यवस्था में निजीकरण का विरोध अधिकारी-कर्मी आज जलाएंगे आदेशों की प्रतियां

कल से तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नूंह और गुरुग्राम में बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनी के प्रवेश के विरोध में मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। विजयदशमी पर्व के चलते जहां शहर दशहरा पर्व मनाने के साथ रामलीला मंचन व रावण दहन और मेलों में खरीदारी में व्यस्त था, वहीं बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने कबीरपुर स्थित सर्कल कार्यालय परिसर व ओल्ड डीसी रोड पर प्रदर्शन कर विभाग के निजीकरण पर नाराजगी जताई। बिजली कर्मियों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के चेयरमैन मुकेश गर्ग के पुतले भी फूंके। प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने सरकार से निजीकरण संबंधी फैसले को वापस लेने की मांग करते हुए 22 से 24 अक्तूबर तक प्रदेशव्यापी हड़ताल करने का ऐलान भी किया। सोनीपत में प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता सर्कल सचिव देवेंद्र दहिया व सुमित कटारिया और मंच संचालन सतीश चहल ने किया। वरिष्ठ नेता सोमपाल रावल व राज्य कमेटी सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने घोषणा की है कि 21 अक्तूबर को प्रदेशभर के सब-डिवीजन कार्यालयों पर निजीकरण संबंधी आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध जताया जाएगा।



सोनीपत। कार्यालय में पुतले रखकर निजीकरण का विरोध जताते बिजली कर्मी।

निगमों को कमजोर करने का प्रयास

कर्मचारियों का आरोप है कि गुरुग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस देना सरकारी बिजली निगमों को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम है। उनका कहना है कि इससे निगमों की आय और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। कर्मचारियों ने आशंका जताई कि इससे निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

जलभराव रोकने को नगरपालिका रोड पर बिछेगी सीवरेज लाइन



गन्नौर शहर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रेलवे रोड पर सीवर लाइन दबाने का काम जारी है। इसके पूरा होने के बाद नगरपालिका रोड पर भी सीवर लाइन बिछाई जाएंगे। इसके लिए पाइप मौके पर पहुंचा दिए गए हैं। दोनों सड़कों पर पाइपलाइन बिछने से बारिश के पानी की निकासी बेहतर होने और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे रोड पर निर्माण कार्य के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सड़क पर अब वन वे होने के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को निकलने में परेशानी होती है। नगरपालिका रोड पर काम शुरू होने के बाद भी यातायात व्यवस्था बनाए रखना जरूरी होगा।

शस्त्र पूजन कर निकाला भव्य पथ संचलन, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिले की 13 इकाइयों में मनाया विजयादशमी उत्सव, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोनीपत जिले की सभी 13 इकाइयों में विजयादशमी के अवसर पर मंडल और उपनगर स्तर पर उत्सव आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पथ संचलन, शस्त्र पूजन और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल के साथ पथ संचलन किया। इस दौरान संगठनात्मक एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना दिखाई दी। स्थानीय नागरिकों ने भी कई स्थानों पर संचलन का स्वागत किया। शस्त्र पूजन कार्यक्रमों में भारतीय संस्कृति में शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और धर्म की स्थापना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रमों में प्रांत प्रचारक प्रमुख राजेश, विभाग विद्यार्थी कार्य प्रमुख प्रदीप, जिला कार्यवाह अमरचंद, सह जिला कार्यवाह जयदीप और सह जिला कार्यवाह ललित ने अलग-अलग स्थानों पर संबोधन दिया। उन्होंने युवा शक्ति, चरित्र निर्माण, सामाजिक दायित्व और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में बताया।



सोनीपत। संघ द्वारा आयोजित पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा

शोभायात्राओं से राममय हुआ शहर भक्तिमय गीतों पर झूमे श्रद्धालु

■ रामलीला में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन दिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दशहरा पर्व पर मंगलवार को रावण दहन से पहले जिलेभर में विभिन्न रामलीला सभाओं और धार्मिक संस्थाओं की ओर से बैंड-बाजों के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं।

शोभायात्राओं में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, महाराज सुग्रीव, रावण, विभीषण और वानर सेना की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हनुमान स्वरूपों के साथ श्रद्धालु रावण दहन में शामिल होने के लिए भक्तिमय गीतों पर झूमते हुए दहशरा स्थलों की ओर बढ़े। शहर में निकाली गई शोभायात्राओं से जगह-जगह भक्तिमय माहौल से पांडव नगरी राममय हो उठी।

शहरभर में सनातन धर्म सभा, गीता भवन और श्री सेवा समिति महावीर दल की ओर से चार मरला स्थित हनुमान मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई।

जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर कई जगह जाम की स्थिति बनी रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण और वानर सेना के साथ रावण से युद्ध के लिए प्रस्थान करते दिखाई दिए।



सोनीपत। शहर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी। फोटो : हरिभूमि

'श्रीराम जी की सेना चली' पर झूमे भक्त

40 दिन से व्रत धारण करने वाले भक्तों ने हनुमान जी का स्वरूप धारण कर शोभायात्राओं में भाग लिया। बैंड-बाजों और डीजे पर बज रहे 'श्रीराम जी की सेना चली' और 'झूम-झूम नाचे वीर हनुमाना' जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु उत्साह के साथ दशहरा स्थलों की आगे बढ़े। वहीं दशहरा स्थलों पर रावण दहन से पहले विभिन्न जगह चल रही रामलीला में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन दिखाया गया।



सोनीपत। शोभायात्रा के दौरान शिव तांडव में कलाकारों के साथ झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

शोभायात्राओं में शामिल हुए विधायक भगवान हनुमान का लिया आशीर्वाद

■ भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लें : निखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विजयादशमी पर विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली गई शोभायात्राओं और रावण दहन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सिद्धपीठ हनुमान मंदिर फैज बाजार, शिव मंदिर सेक्टर-15, लक्ष्मी नारायण मंदिर सिक्का कॉलोनी, श्रीराम मंदिर दिल्ली कैंप, श्री सियाराम दल कोट मोहल्ला, सनातन धर्म सभा, सेवा समिति महावीर दल, दुर्गा मंदिर मोहल्ला कलां, चार मरला हनुमान मंदिर, पवन पुत्र सेवा समिति और रघुबीर दल मॉडल टाउन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने दिव्य हनुमान स्वरूप महाराज से आशीर्वाद लिया। सेवा समितियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने सेक्टर-15 हुड्डा मैदान, कामी रोड रामलीला मैदान, गांव कालूपुर और नई अनाज मंडी रोहतक रोड पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देते हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी के साथ त्योहार मनाने और समाज में प्रेम, सद्भाव व भाईचारा मजबूत करने की अपील की।



सोनीपत। रेलवे रोड पर प्रसाद वितरित करते हुए विधायक निखिल मदान।

संघ के स्वयंसेवकों ने खरखौदा में किया पथ प्रदर्शन

खरखौदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरखौदा तत्वावधान में विजय दशमी उत्सव पर शस्त्र पूजन किया और पथ प्रदर्शन किया। आल इंडिया गहलावत खाप के प्रधान दयानद गहलावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय से पथ प्रदर्शन की शुरुआत हुई जो शहर भर से होता हुआ महाविद्यालय पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान सुरक्षा दृष्टि हेतु पुलिस बल मौजूद रहा। विधायक पवन खरखौदा, अक्षित दहिया, सुरेन्द्र दहिया, मंडल प्रधान नरेश पाराशर, जयदीप निजामपुर खुर्द, डॉ सतीश कुमार खांडा, राकेश कुमार, प्रविंद्र दहिया, प्रदीप कुमार, मनीष पाराशर, सुनील सरोहा, विक्रम व शिव कुमार आदि इस मौके पर मौजूद रहे।



कासंडी में पाखंडवाद के खिलाफ निकाला जागरूकता जुलूस, रामपाल का पुतला फूंका



सोनीपत। विजयादशमी के अवसर पर गांव कासंडी में पाखंडवाद के खिलाफ जन-जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों, आर्य समाजियों और रक्षक सेना के संयुक्त प्रयास से गांव में जागरूकता जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल लोगों ने हाथों में भगवा और ओम लिखे झंडे लेकर पाखंडवाद के खिलाफ नारे लगाए। जुलूस गांव की मुख्य गलियों से होता हुआ मुख्य द्वार पर पहुंचा, जहां जनसभा आयोजित की गई। इसके बाद रामपाल का पुतला फूंका गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। वर्तमान समय में समाज को पाखंड से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच और वैदिक धर्म की ओर बढ़ने की जरूरत है। वक्ताओं ने लोगों से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा वक्ता के रूप में मौजूद रहे। सुरेश आर्य ने मंच संचालन किया और अतिथियों का स्वागत किया। सरपंच संदीप आर्य ने गांव में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रधान सोनीपत डॉ. धर्मपाल आर्य, स्वामी ठंडाराम जुआ गुरुकुल, आचार्य वेदनिष्ठ विजेंद्र शास्त्री, मनजीत आर्य कोच, प्रवीण आर्य, सुरेश आर्य, अनिल आर्य, मास्टर संदीप आर्य, विनय आर्य, सतीश जांगड़ा, राजेश आर्य, नरेश आर्य और वीरेंद्र आर्य सहित सैकड़ों ग्रामीण, युवा, बुजुर्ग और बच्चे मौजूद रहे।

नवरात्रों में ए पी गर्ग स्कूल में हुए धार्मिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं

खरखौदा। ए. पी. गर्ग पब्लिक स्कूल खरखौदा में शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में पूरे नौ दिन स्कूल में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवरात्रे अश्विन मास में मनाए जाते है और नौ दिन मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती हैं। तथा इन्हीं नवरात्रों में भारत में रामलीला का आयोजन भी किया जाता हैं। विद्यालय में भी नवरात्रे और रामायण के महत्व को विद्यार्थियों में संचार करने हेतु नौ दिन तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रामायण प्रश्नोत्तरी, डांडिया नृत्य तथा विद्यार्थियों द्वारा रामायण के मुख्य पात्रों की भूमिका निभाना व रावण दहन मुख्य आकर्षण थे। रामायण प्रश्नोत्तरी कक्षा छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों सदनों - सत्यम सदन, शिवम सदन ,शुभम सदन और सुन्दरम सदन के बीच आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लगभग 100 प्रश्न थे और चारों सदनों में से चार चार विद्यार्थी का चयन किया गया। अंत में परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें शुभम सदन अधिक अंक प्राप्त करके विजयी रहा। सत्यम सदन और शिवम सदन बराबर अंक प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रहे तथा तीसरे स्थान पर सुंदरम सदन रहा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भगवान राम के आचरण से विद्यार्थियों में उन गुणों को समावेश करना था। ताकि विद्यार्थी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति गौरव महसूस करे। इसी श्रृंखला में कक्षा पहली से पांचवीं तक डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया।



फरमाणा गांव में हुई सांझी प्रतियोगिता में प्राची रही प्रथम

खरखौदा। गांव फरमाणा में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा ने किया और कहा कि हरियाणा की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की यह एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अवसर चाहे हमारे धार्मिक कार्यक्रमों में हो या खेलों में हो। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने का एक अवसर प्राप्त होता है। जिसे ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आगे आकर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सांझी परंपरा हमारी संस्कृति, आस्था और मातृशक्ति की रचनात्मकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। हमारा संकल्प है कि अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। प्रतियोगिता में प्राची पत्नी मनजीत प्रथम, राधा पत्नी अजय द्वितीय तथा पूनम पत्नी विजय तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को नकद और प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश, जयदीप ,नवीन जांगड़ा, सरपंच सतीश आदि मौजूद रहे।



न्यूज डायरी



सोनीपत के प्रस्तावित पड़ाव को सफल बनाने के उद्देश्य से किसान नेताओं ने किया जनसंपर्क

खरखौदा। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की टीम ने ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया के नेतृत्व में पहलादपुर , किढ़ौली, सोहटी, गढ़ी, कानोन्दा आदि गांवों का दौरा किया और 22 अक्टूबर को जिला मुख्यालय सोनीपत में पड़ाव डालने के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। किसान नेता शक्ति दहिया ने बताया कि 3 सितंबर को किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बैठक केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से हुई थी जिसमें उन्होंने बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे के लिए नई पॉलिसी बनाने का वायदा किया था और कहा था कि जिन-जिन जगहों पर मार्किट वैल्यू निकालने में त्रुटियां हुई हैं, उन्हें ठीक कराया जाएगा। केंद्र सरकार ने 6 अक्टूबर को मार्किट वैल्यू निकालने के लिए नई पॉलिसी बना दी है लेकिन राज्य सरकार ने अभी उस को लागू नहीं किया है। किसान नेता प्रवीण दहिया ने कहा कि 7 अक्टूबर को किसानों के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात हुई थी जिसमें उन्होंने किसानों की सभी बातें सुनने के बाद कहा था कि वे बहुत जल्दी किसानों की मार्किट वैल्यू की जांच कराएंगे और जहां गड़बड़ मिलेगी, उसमें सुधार लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उस मुलाकात को 13 दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से पुख्ता कदम नहीं उठाया गया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उनके वायदे याद दिलाने के लिए किसानों ने 22 व 23 अक्टूबर को सोनीपत में दो दिवसीय पड़ाव डालने का निर्णय लिया है। किसान नेता इंद्रजीत राणा ने यह भी बताया कि यदि उनकी मांगों को नहीं सुना गया तो अगला पड़ाव चंडीगढ़ या दिल्ली का भी हो सकता है, उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। आज मुख्य तौर पर अभिमन्यु कोहाड़, समुंदर राणा, विकास राणा, बिंटू दहिया, बलराज दहिया, राजेन्द्र प्रधान, जयप्रकाश राणा आदि मौजूद रहे।

डांडिया नाइट की धूम, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

■ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की धर्मपत्नी गीता बड़ोली मौजूद रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक संगीत, मनमोहक नृत्य और आकर्षक वेशभूषा से सजे समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।

समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की धर्मपत्नी गीता बड़ोली, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रीतम रानी सिबाच, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, भूषण हसीजा, डॉ. राजा सिंहला, विकास शर्मा, सुमन मंजरी, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी, मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य जगबीर देशवाल, मोहन पहल एवं वीरेंद्र पहल तथा गुमड़ के सरपंच रविंद्र पहल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी से कक्षा दूसरी तक के वर्ग में मायरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा तीन से छह वर्ग में आयशा प्रथम, गव्या द्वितीय और मेहुल तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा सात एवं उससे ऊपर की छात्राओं में हिना प्रथम, भूमिका द्वितीय स्थान पर रही। मातृशक्ति पितृश्री वर्ग में विकास प्रथम, दीपक द्वितीय और दर्शन तृतीय रहे। सर्वश्रेष्ठ परिवार प्रतियोगिता में लकी ड्रॉ में अर्नव प्रथम, रिया द्वितीय और शिवांश तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देते हैं।



गन्नौर। डांडिया नाइट में पारंपरिक संगीत में नृत्य करती गीता बड़ोली व महिलाएं।

दशहरे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

गन्नौर। दशहरे के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर में पथ संचलन निकाला गया। इसकी शुरुआत आर्य समाज मंदिर से हुई। यहां से स्वयंसेवक सैनी मोहल्ला, रेलवे रोड, नगरपालिका रोड और नमस्ते चौक से होते हुए वापस आर्य समाज मंदिर पहुंचे, जहां संचलन का समापन हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश में अनुशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते संचलन के दौरान स्वयंसेवकों में उत्साह दिखाई दिया। मार्गों पर मौजूद लोगों ने भी पथ संचलन देखा। दशहरे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज में एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। पूरे संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन और सामूहिकता का परिचय दिया। आर्य समाज मंदिर में संचलन संपन्न होने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और प्रभावी शिक्षण प्रक्रिया पर दी जानकारी

सोनीपत। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सोनीपत में सोमवार को परिणाम आधारित शिक्षा के अंतर्गत पाठ्यक्रम परिणामों और कार्यक्रम परिणामों के मूल्यांकन विषय पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया। इसमें गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की पूर्व प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) सरोज ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने परिणाम आधारित शिक्षा, पाठ्यक्रम एवं कार्यक्रम परिणामों के बीच समन्वय, मूल्यांकन तकनीकों, परिणाम प्राप्ति के आकलन और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड की मान्यता प्रक्रिया में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिणाम आधारित शिक्षा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और शैक्षणिक उपलब्धियों का बेहतर आकलन किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान एवं प्रबंधन सदस्य डॉ. सीमा राठी ने मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सरोज को शॉल, स्मृति चिह्न और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। यह सत्र शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन तथा संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

भक्ति भरतपुरी में 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा दीपदान महोत्सव, हरिनाम संकीर्तन कर लगाया जाएगा भंडारा

दशहरे पर निकाली हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी

■ प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं को दीपदान महोत्सव का निमंत्रण भी दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विजयदशमी पर्व पर इस्कॉन प्रचार समिति, सोनीपत की ओर से गुड़ मंडी, काठ मंडी क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी इस्कान प्रचार केंद्र, भरतपुरी से प्रारंभ होकर पालीवाल धर्मशाला, इंडस्ट्रियल एरिया, प्रभु नगर, रोहतक रोड होते हुए वापस केंद्र में हरिनाम संकीर्तन के साथ संपन्न हुई। मार्ग में श्रद्धालुओं ने कई जगह हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी का स्वागत किया और समिति के सदस्यों ने प्रसाद वितरण किया।

संकीर्तन के पश्चात रघु कुमार दास ने बताया कि समिति की ओर से 31 अक्टूबर को हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी के बाद भरतपुरी में मनोज दलाल के आवास पर दीपदान महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव का समय शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं को दीपदान महोत्सव का निमंत्रण भी दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में इस्कान प्रचार केंद्र एवं इस्कॉन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास महाराज अपने वैष्णो भक्तों के साथ हरिनाम संकीर्तन करेंगे। हरिनाम संकीर्तन के बाद सभी भक्त भगवान को दीपदान करेंगे। तत्पश्चात सभी भक्तों के लिए भंडारा लगाया जाएगा।

प्रभातफेरी में कृष्ण कृपा दास, भागवत तत्व दास, सहदेव प्राण दास, सुप्रसाद हरिदास, शांत नरसिंह दास, सुंदर सिंह मलिक, मास्टर जगदीप पांचाल, कृष्ण पांचाल, जयप्रकाश सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।



सोनीपत। गुड़ मंडी क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकालते इस्कॉन प्रचार समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नशे के रावण का दहन कर युवाओं को नशामुक्ति का संदेश दिया



सोनीपत। मेरा युवा भारत, सोनीपत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब और हर हर शिव शक्ति सेवा समिति, गुड़ मंडी सोनीपत की ओर से रामलीला मैदान, अनाज मंडी में नशे के रावण का दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. धर्मबीर मलिक (डॉ. योगी मलिक) रहे। आयोजकों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। डॉ. धर्मबीर मलिक ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। विजयादशमी पर नशे के रावण का दहन समाज से इस बुराई को समाप्त करने का संकल्प है। इसके लिए युवाओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन को मिलकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम आयोजक एवं प्रबंधक राकेश शर्मा ने युवाओं से नशामुक्ति अभियान से जुड़ने की अपील की। इस दौरान समिति चेयरमैन बृजभूषण, बालकिशन दहिया, सतीश गोयल, युवा स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष विनय और सतपाल राणा मौजूद रहे।

धू-धू कर जला अहंकारी रावण, दहन के साथ गूंजे जय श्रीराम के जयघोष

इस बार पुतलों के दहन में ज्यादातर ग्रीन पटाखों का प्रयोग किया

- जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व
- दशहरा स्थलों पर रामलीला सभाओं व धार्मिक संगठनों ने कराया श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन, चमचमाती बिजली व धुआं छोड़ते तीरों ने किया आकर्षित
- शहर के कामी रोड रामलीला मैदान, सेक्टर 15, नई अनाज मंडी में किया रावण का दहन, दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेभर में अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास से मनाया गया। शाम 6 बजे पूजन के पश्चात श्रीराम ने अपने बाण से अहंकारी रावण का अंत किया। रामलीला सभाओं व धार्मिक समितियों ने तीन प्रमुख स्थानों पर रावण के अलावा मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों का दहन किया। दहन से पहले विभिन्न जगह चल रही रामलीला में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन दिखाया गया। अहंकारी दशानन पर भगवान श्रीराम की विजय के साथ लोगों में खुशी की लहर छा गई। इस बार पुतलों के दहन में ज्यादातर ग्रीन पटाखों का प्रयोग किया गया। दशहरा स्थलों पर लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। शहर के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा की ओर से 52 फीट के रावण, 45-45 फीट ऊंचे कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन से पहले मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, विधायक निखिल मदान, भाजपा नेता माईराम कौशिक, राकेश कुच्छल, दिलबाग सिंह खत्री, हरिप्रकाश मंगला ने रावण परिवार के पुतलों का पूजन किया। वहीं शिव शक्ति समिति गुड़ मंडी की ओर से नई अनाज मंडी में 52 फीट ऊंचे रावण का दहन किया। मुख्यातिथि के रूप में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शिरकत कर रावण के पुतलों का पूजन किया। अतिथियों ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस पर्व पर हर व्यक्ति को अपने भीतर की एक बुराई त्यागने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उधर सनातन धर्म सभा, गीता भवन व श्री सेवा समिति महावीर दल ने सेक्टर-15 स्थित हुडा ग्राउंड में रावण दहन किया गया। इससे पहले शहरभर में धार्मिक संस्थाओं की ओर से बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। दहन से पहले विभिन्न जगह चल रही रामलीला में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन दिखाया गया। श्रीराम-रावण के बीच चमचमाती बिजली व धुआं छोड़ते तीरों से युद्ध का मंचन दिखाया गया। इसके बाद प्रभु श्रीराम ने अपने बाणों से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ का संहार किया। अंत में रावण दहन के साथ अहंकारी दशानन पर भगवान श्रीराम की विजय के साथ लोगों में खुशी की लहर छा गई।



सोनीपत। रामलीला मैदान में श्रीराम व रावण के बीच युद्ध मंचन का दृश्य तथा सोनीपत के रामलीला मैदान में रावण दहन के पूर्व मां सिद्धिदात्री का पूजन करते श्रीराम व लक्ष्मण।



सोनीपत। रामलीला मैदान में पूजन के बाद रावण के पुतले को आग लगाते श्रीराम, अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व अन्य तथा रामलीला मैदान में श्रीराम-रावण के युद्ध का मंचन देखते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

शोभायात्रा के साथ निकले हनुमान जी के स्वरूप

श्री सेवा समिति महावीर दल, श्री रघुबीर दल मॉडल टाउन की ओर से दोपहर बाद शोभायात्रा के साथ हनुमान जी के भव्य स्वरूप निकाले गए। शोभायात्रा में बैंड-बाजों, डीजे पर श्रीराम जी की सेना चली, झूम-झूम नाचे वीर हनुमाना जैसी भक्तिमय धुन पर भक्त जोश व उत्साह के साथ आगे बढ़े। मॉडल टाउन, सुभाष चौक, ओल्ड डीसी रोड, सेक्टर-15 सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई शोभायात्रा दशहरा स्थलों पर पहुंची। 40 दिन से व्रत धारण करने वाले हनुमान का स्वरूप धरे भक्तों ने श्रीराम का पूजन कर रावण का दहन करवाया। वहीं कामी रोड पर रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा और नई अनाज मंडी में शिव शक्ति समिति गुड़ मंडी की ओर से राम-रावण के युद्ध का मंचन कराया गया।

शहर में निकली सुंदर झांकियों ने मोहा मन

धार्मिक संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में विभिन्न सुंदर झांकियों ने शहरवासियों का मन को मोह लिया। झांकियों को देखने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, भक्तिमय गीतों पर नृत्य करते शिव-पार्वती, श्रीकृष्ण-राधा, श्रीराम दरबार, राम-लक्ष्मण को कंधों पर उठाए हनुमान जी, भगवान विश्वकर्मा, राम को युद्ध के लिए ललकारता रावण सहित अन्य मनमोहक झांकियां निकाली गई। झांकियों के पास नृत्य देखने के लिए लोगों भीड़ लगी रही। शाम होते-होते शहर में विभिन्न स्थानों पर हुए रावण दहन को देखने के लिए दशहरा स्थलों पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगह मेला लगाया गया, जहां बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।


सोनीपत। रामलीला मैदान में रावण दहन के बाद श्रीराम दरबार का दृश्य।


सोनीपत। नई अनाज मंडी में रावण दहन से पहले श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान के साथ मेयर राजीव जैन व अतिथि। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। रामलीला मैदान में दहन के बाद जलते रावण- मेघनाद व कुंभकरण के पुतले।

इन जगहों पर भी हुआ रावण दहन

शहर में मॉडल टाउन स्थित फ्रेंड्स पार्क, आईटीआई चौक के पास, सेक्टर-13 पार्क, ओल्ड डीसी रोड, आठ मरला, गढ़ी घसीटा, एटलस रोड, कालूपुर चुंगी पर भी 10 से 20 फीट तक के रावण का दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने दोपहर को रावण के पुतलों का मंत्रोच्चारण से पूजन किया गया। शाम 6 बजे भगवान श्रीराम का स्वरूप धरे बच्चों ने अग्निबाण से रावण के पुतलों का दहन किया गया।

दहन के बाद रावण के अवशेष उठाने दौड़ी भीड़

दशहरा पर्व पर इस बार भी लोग रावण को जलाने व नीचे गिरने के बाद उनकी जली हुई अस्थियां उठाने के लिए दौड़ पड़े। लोगों ने रावण की अस्थियां उठाने के लिए सुरक्षा के घेरे को भी तोड़ दिया। लकड़ियां लेने के बाद लोग अपने गंतव्य को रवाना हो गए। माना जाता है कि रावण की अस्थियों को घर में रखने से बुरी आत्माएं घर में प्रवेश नहीं करती। घर में सुख-शांति का वास रहता है।

गन्नौर में दो स्थानों पर रावण का दहन कुंभकर्ण-मेघनाद के पुतले भी जलाए



गन्नौर। गन्नौर में दशहरा पर्व के अवसर पर गन्नौर में अलग-अलग दो स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्री राधे वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बी एस टी में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य रूप से शिरकत की। रावण दहन देखने के लिए गन्नौर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे मैदान में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम की जय-जयकार के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। रावण दहन दशहरा पर्व का मुख्य आकर्षण रहा। विधायक देवेंद्र कादियान की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि दशहरा पर्व हमें यह संदेश देता है कि सत्य और अच्छाई की राह पर चलने वालों की अंततः जीत होती है।



नन्हे विद्यार्थियों ने रामलीला मंचन से बटोरी तालियां

गोहाना। सेक्टर-7 स्थित द विज्डम स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने रामलीला के शानदार मंचन से खूब तालियां बटोरी। रामलीला का मंचन करके विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीविन में धारण करने का संदेश दिया। विजयदशमी पर रामलीला के समापन पर विद्यार्थियों द्वारा रावण दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने कहा कि रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।



रथों पर सजी झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र प्रभु श्रीराम के जयघोष के बीच रावण दहन

गन्नौर। गन्नौर में श्री राधे वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आरपीएस ग्राउंड में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही ग्राउंड में मेला लगा रहा, जहां लोगों ने पहुंचकर जमकर खरीदारी की। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने धनुष चलाकर जय श्रीराम के जयघोष के बीच रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया। दस सिर वाले विशाल रावण के पुतले और आकर्षक आतिशबाजी ने लोगों का ध्यान खींचा। महोत्सव से पहले तारा मैरिज पैलेस से नगरपालिका रोड और मेन बाजार होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 15 रथों पर सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। 10 से अधिक बैंड और डीजे की धुनों के बीच निकली शोभायात्रा में अघोरी, मां काली, भगवान गणेश, राम-सीता, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमान, रावण और बाहुबली के स्वरूपों ने लोगों को आकर्षित किया। बाजार में शोभायात्रा देखने के लिए लोग जुटे रहे।महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।



शहरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना

सोनीपत। दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार और युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ललित पंवार ने भाग लिया। उन्होंने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा शहरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सुरेंद्र पंवार और ललित पंवार श्री सनातन धर्म महावीर दल, दुर्गा मंदिर अशोक नगर, श्री दुर्गा मंदिर मोहल्ला कलां, नवयुवक श्रीराम ट्रस्ट, श्री सियावर राम महावीर दल, गौशाई धर्मशाला सिक्का कॉलोनी, नवयुवक सेवा समिति और श्री बालाजी बाल सेवा समिति सहित विभिन्न संस्थाओं के आयोजनों में शामिल हुए। इस दौरान भगवान हनुमान के स्वरूप की रिहर्सल भी की गई। धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार महाराज अरुट चौक पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा की ओर से आयोजित भंडारे में पहुंचे और प्रसाद वितरित किया।



रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

गोहाना। शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित गीता विद्या मंदिर विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रामायण के पात्रों के वेश में भगवान राम की लीलाओं का शानदार मंचन किया और रावण का पुतला दहन करके बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कार्यक्रम में आचार्या विनीका ने विद्यार्थियों को बताया कि मान्यता के अनुसार, रावण पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से भगवान श्रीराम ने युद्ध से पूर्व मां दुर्गा की आराधना की थी। पूजा के दौरान 108 कमल के पुष्प अर्पित करने का संकल्प लिया गया था। जब अंतिम पुष्प कम पड़ा, तो भगवान श्रीराम ने अपनी आंख को कमल के समान मानते हुए उसे मां के चरणों में समर्पित करने का निश्चय किया। उनकी अटूट श्रद्धा और समर्पण से प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया।



गांव धनाना की लड़कियों की टीम ने कब्जाई ट्रॉफी

गोहाना। धनाना स्थित शहीद कप्तान सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित तीसरी राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मंगलवार को फाइनल मुकाबलों के साथ यह प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में 41 किलोग्राम भारवर्ग में गांव धनाना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्रॉफी कब्जा ली। दूसरे स्थान पर गांव रिंढाणा और तीसरे स्थान पर गांव लाठ की टीम रही। लडकों के वर्ग में 48 किलोग्राम भारवर्ग में नारनौंद, गांव धनाना और गांव नांदल जबकि 38 किलोग्राम भारवर्ग में गांव भैणी भैरो, लाढौत और बैंयापुर की टीमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि कयाकिंग एंड कैनोइंग एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल धनाना, अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा, संदीप नरवाल, विधायक इंदुराज नरवाल, पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक और जीता हुड्डा थे। एंकरिंग और कमेंट्री रविंद्र भैणी भैरो और पवन शर्मा भैणी महाराजपुर ने की।



शस्त्र पूजन कर धनाना में आरएसएस का पथ संचलन

गोहाना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कथूरा खंड इकाई द्वारा मंगलवार को विजयादशमी पर गांव धनाना में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन प्रातः 10 बजे गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुआ। पूर्ण गणवेश और के साथ स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य मार्गों पर कदमताल से अनुशासन का परिचय दिया। ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा से स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन से पूर्व शिव मंदिर में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ की प्रोटोकॉल कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा मर्दीना थे। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और संघ राष्ट्र निर्माण के लिए 1925 से निरंतर कार्य कर रहा है।



गांव भैरा बाकीपुर में स्थापित की भगवान श्रीराम की मूर्ति, हवन में आहुति देकर मनाई विजयदशमी

राई। विजयदशमी के पावन अवसर पर गांव भैरा बाकीपुर स्थित श्रीराम पार्क में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर समस्त गांववासियों की ओर से हवन का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डालकर सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की। हवन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच एवं भाजपा नेता जय राम शर्मा ने ग्रामीणों के साथ हवन में आहुति डाली। उन्होंने विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जय राम शर्मा ने कहा कि विजयदशमी हमें अपने भीतर की बुराइयों, अहंकार, क्रोध और अन्याय को समाप्त करने का संदेश देती है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर ही समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

कार्यक्रम | कार्यक्रमों में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष दिवान का अभिनंदन

विजयादशमी महोत्सव पर शहर भर में निकलीं भव्य शोभा यात्राएं

बुराई के पुतले जलाने तक सीमित न रहें विकारों को त्यागने का लें संकल्प : कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विजयादशमी महोत्सव के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य शोभायात्राओं, पूजन तथा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। इन सभी धार्मिक कार्यक्रमों में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। शहरवासियों और आयोजकों द्वारा उनका विभिन्न स्थानों पर फूल-मालाओं, पगड़ी और स्मृति चिह्न भेंट कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चावला तथा महासचिव देवेंद्र शर्मा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल बुराई के पुतले जलाने का दिन नहीं है, बल्कि अपने अंदर के नकारात्मक विचारों, बुराइयों और विकारों को त्यागकर समाज में सद्भाव, एकता और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का महापर्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराएं समाज को आपस में जोड़ने और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती हैं।


सोनीपत। विजयदशमी कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

भव्य शोभायात्रा

आदर्श नगर गली नंबर 1 में पवन मेहरा के नेतृत्व में मनमोहक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान के जयकारे लगाए। फैज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में संजय नंदा व महेंद्र छाबड़ा के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान और शोभायात्रा का आयोजन संपन्न हुआ मेमोरियल अस्पताल स्थित हनुमान मंदिर में लवली की गरिमामयी उपस्थिति में पूजन व धार्मिक उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्री कृष्ण मंदिर (कृष्ण पुरा, मशाद मोहल्ला) में किशन चंद टुटेजा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कमल दीवान का विशेष स्वागत किया गया। गीता भवन एसोसिएशन की ओर से यश धीर के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां कमल दिवान ने प्रसाद वितरित किया। सिक्का कालोनी (लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप) अभिषेक के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चावला व महासचिव देवेंद्र शर्मा मौजूद रहे।



जनता स्कूल खेल मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया

गन्नौर। दशहरा समिति गन्नौर और लायंस क्लब गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में जनता स्कूल खेल मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में 60 फीट ऊंचे रावण और 55-55 फीट ऊंचे कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इससे पहले लहरी सिंह पार्क से जनता स्कूल खेल मैदान तक भव्य झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, रोहित त्यागी मुख्य रूप से शामिल हुए। रजत हांडा ने सभी का सम्मान किया।